**खबर संक्षेप**

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक वीरवार को लघु सचिवालय में शाम तीन बजे आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के परिवहन व महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री असीम गोयल नन्यौला करेंगे। बैठक में हरियाणा के परिवहन व महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री असीम गोयल नन्यौला परिवादों की सुनवाई करेंगे।

### गरीबों के लिए सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लाभकारी

**यमुनानगर।** केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1. 80 लाख रुपये से कम है। वह इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उक्त जानकारी जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि योजना के तहत सोलर पैनल लगाने का खर्च एक लाख 10 हजार रुपये है। जिसमें 60 हजार रुपये की राशि केंद्र सरकार द्वारा और 50 हजार रुपये की राशि हरियाणा सरकार द्वारा दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने से बिजली बिल जीरो हो जाएगा और जो अतिरिक्त बिजली बचेगी उस बिजली को भी सरकार खरीदेगी।

### सूने घर से नकदी व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** हुडा सेक्टर-18 निवासी श्याम लाल ने बताया कि उसका भाई गुलाब सिंह चार माह से अपने बेटे के पास आस्ट्रेलिया गया हुआ है। इस दौरान उसे अपने भाई के घर का लगा हुआ ताला टूटा मिला। जांच करने पर दुकान घर से अलमारी में रखे 22 हजार रुपये व आभूषण गायब मिले। उसने घटना की सूचना फोन पर अपने भाई को दी और पुलिस को चोरी के बारे सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### हरियाणा कबड्डी टीम का चयन 13 को

**पानीपत।** एमेच्योर हरियाणा कबड्डी संघ के अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पंवार व एमेच्योर हरियाणा कबड्डी संघ के चेयरमैन कुलदीप दलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले 9 से 11 अगस्त तक 11वीं बीच राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन बोध गया (बिहार) में होने जा रही है। इसके लिए हरियाणा की टीम का चयन ट्रायल बेस के माध्यम से सूर्यमुखी कबड्डी अकेडमी, जींद बाईपास रोहतक में 13 जुलाई को होगा।

### ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसा

**समालखा।** समालखा क्षेत्र में लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अपना शिकंजा कस दिया है। वाहनों पर सवार होकर आवारागर्दी करे व यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों से निपटने के लिए सिटी ट्रैफिक पुलिस द्वारा तीन टीमें बनाई गई है। यह जानकारी सिटी ट्रैफिक इंचार्ज प्रमोद वर्मा ने देते हुए कहा कि लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## जिले में 66 जगह डेंगू मच्छर का लारवा मिला, थमाया नोटिस

# जिले में चिकनगुनिया के दो और डेंगू के तीन मरीज मिले

**स्वास्थ्य विभाग ने चलाया डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव के लिए अभियान, स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को ऐहतियात बरतने की सलाह दी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** लोगों को डेंगू से जागरुक करते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

जिले में डेंगू व चिकनगुनिया का प्रकोप दिखाई देने लगा है। जिले में गत मई से लेकर अभी तक डेंगू के तीन और चिकनगुनिया के दो मरीज मिल चुके हैं। जिन्हें देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को ऐहतियात बरतने की सलाह दी है। गत वर्ष जिले में डेंगू के कुल 735 मरीज मिले थे।

जिनमें कुछ लोगों की मौत भी हुई थी। हालांकि जिन लोगों की मौत हुई थी उन्हें डेंगू के साथ अन्य बीमारियां होना भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया था। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में गत मई से लेकर अभी तक शहर के ईस्ट भाटिया नगर में 33 वर्षीय महिला व बुबका गांव में 65 वर्षीय महिला में चिकनगुनिया से पीड़ित मिली हैं। वहीं, डेंगू के कुल तीन मरीज मिले हैं। जिन्हें देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले में कई स्थानों पर जांच की। जांच के दौरान 66 घरों में डेंगू मच्छर का लारवा मिला। जिन घरों में लारवा मिला है उन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोटिस दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि जिन घरों में लारवा मिला है उनकी दोबारा जांच की जाएगी। यदि दोबारा भी लारवा मिला तो चालान किया जाएगा।

**बचाव को लेकर बरतें सावधानियां**

स्वास्थ्य विभाग में स्टॉफ की क जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू फैलाने वाले मच्छर पनपने लगते हैं। जिससे डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया फैलने का खतरा रहता है। इसलिए लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए सावधानियां बरतनी चाहिएं। रात्रि के समय मच्छरदानी लगाकर सोएं। इसके अलावा शरीर को कपड़े से ढ़ांप कर रखें। बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करवाएं। उन्होंने बताया कि इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त इंतजाम हैं।

**स्टॉफ की कमी से बढ़ेंगी मुसीबतें**

जिले में डेंगू व चिकनगुनिया का प्रकोप दिखाई देने लगा है। मगर स्वास्थ्य विभाग के पास इससे निपटने के लिए मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर और मल्टीपर्पज हेल्थ सुपरवाइजर के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। वह खुद भी ट्रांसफर करवा कर अपने गृह जिलों में वापस लौट गए हैं। जिले में स्वास्थ्य विभाग के पास एमपीएचडब्ल्यू के कुल 123 पद स्वीकृत हैं। लेकिन इनमें से सौ पद खाली हैं। इसी तरह एमपीएचएस के 26 में से 24 पद खाली हैं। एमपीएचएस में केवल दो कर्मचारी ही बचे हैं।

**तीन वर्षों में बढ़े डेंगू के मरीज**

जिले में पिछले तीन वर्षों से डेंगू के मरीजों में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। जिनमें वर्ष 2023 में जिले में डेंगू के 735 केस मिले थे। जबकि 2022 में 932 केस मिले थे। वहीं, वर्ष 2021 में जिले में डेंगू के 241 मरीज मिले थे। इन तीन वर्षों से पहले डेंगू के मरीजों की संख्या कम रही है। जिनमें वर्ष 2020 में डेंगू के 36, वर्ष 2019 में डेंगू के 51, वर्ष 2018 में डेंगू के 42, वर्ष 2017 में डेंगू के 70 और वर्ष 2016 में डेंगू के जिले में कुल 65 मरीज मिले थे। इस बार 2024 में अब तक जिले में डेंगू के 3 मरीज मिल चुके हैं।

**पानी जमा होने पर पैदा होता है डेंगू का मच्छर**

बारिश के मौसम में पानी खाली प्लॉटों व बर्तनों में जमा हो जाता है। इस पानी में डेंगू मच्छर अंडे देता है। इस लारवा से मच्छर बनने में करीब एक सप्ताह का समय लगता है। करीब एक सप्ताह के बाद यही मच्छर लोगों को काटने योग्य हो जाता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस माह के अंत तक डेंगू के केस मिलने शुरू हो जाएंगे। साथ ही चिकनगुनिया के केस में भी वृद्धि होगी। जिला मलेरिया विभाग की तरफ से स्कूलों में प्रतियोगिताएं करवा कर बच्चों को जागरूक किया जा रहा है ताकि वह अपने परिजनों व पड़ोसियों को इससे बचाव के लिए जागरुक कर सकें।


**यमुनानगर।** गांव लक्सीबांस में पौधारोपण करते अनुराग कांबोज व अन्य।

# पेड़ों की कमी से प्रभावित हो रहा पर्यावरण : कांबोज

## खेल मैदान में किया पौधरोपण

- पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण जरूरी
- एक पेड़ मां के नाम के तहत शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

भाजपा लाभार्थी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अनुराग कांबोज ने लक्सीबांस के खेल मैदान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

अनुराग काम्बोज ने कहा कि पेड़ों की लगातार कम होती संख्या से पर्यावरण पर काफी दुष्प्रभाव पड़ा है। जिससे गर्मी बहुत बढ़ गई है। यदि इसी तरह हालात रहे तो भविष्य में आने वाले पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी द्वारा पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधा लगाकर उनकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए। पौधारोपण करने से पर्यावरण फिर से मनुष्य के अनुकूल हो जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पेड़ काटने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करवानी चाहिए। इस अवसर पर सरपंच दिनेश कांबोज, ब्लॉक समिति सदस्य जितेंद्र कांबोज, आशीष कांबोज, राजीव आर्य सन्नी आदि मौजूद थे।

# फैक्ट्री में लांगरी का काम करने वाले युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गांव साबापुर स्थित फूड फैक्ट्री में लांगरी का काम करने वाले युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक युवक मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद के गांव रामपुर निवासी राहुल पिछले छह माह से गांव साबापुर स्थित फूड फैक्ट्री ने मजदूरों के लिए खाना बनाने का काम करता था। वह फैक्ट्री के ऊपर बने कमरे में रहता था। रात को वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। इस दौरान उसने मानसिक परेशानी के चलते फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों ने राहुल का शव फंदे पर लटका देखा तो उन्होंने फैक्ट्री मालिक व पुलिस को इस बारे सूचित किया। सूचना मिलते ही बूडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आसपास तलाशी ली मगर उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी।

***ट्रेन के नीचे आकर दी जान***

*राजकीय रेलवे पुलिस थाना के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गांव गलौली निवासी अजमेर सिंह के दो बच्चे हैं। दोनों बाहर इटली में रहते हैं। अजमेर सिंह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। दोपहर को अजमेर ने दराजपुर-मुस्तफाबाद के बीच एक ट्रेन के नीचे आकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजन ने किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौप दिया।*

# रिटायर्ड कर्मियों की मांगों की हो रही अनदेखी

- कर्मचारियों ने बैठक का आयोजन कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** आयोजित रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक में उपस्थित सदस्य।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से बुधवार को एक बैठक का आयोजन शहर की कांबोज धर्मशाला में किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान लालचंद कांबोज ने की। इस दौरान कर्मचारियों की मांगों को मानने के बावजूद लागू न किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। ब्लॉक सचिव यशपाल ने कहा कि सरकार द्वारा उनकी मांगों को माने जाने के बावजूद उन्हें लागू नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर पेंशन में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। कैशलेस मैडिकल सुविधा प्रदान की जाए।

सेवानिवृत्त अध्यापक महीपाल चमरोड़ी ने कहा कि सरकार कैशलेस मेडिकल सुविधा आयुष्मान योजना के माध्यम से देना चाहती है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ इसका पुरजोर विरोध करता है। कैशलेस मेडिकल सुविधा पूर्ण रूप से सरकार द्वारा प्रदान की जाए। मेडिकल भत्ते में वृद्धि की जाये। कमुटेशन की अवधि 10 वर्ष की जाये। डीए की तीन किस्तें जल्द से जल्द जारी की जाएं। पेंशन की राशि आयकर मुक्त की जाये। सभी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना लागू की जाये। सभी वरिष्ठ नागरिकों को पहले की भांति बस, रेल, हवाई यात्रा में छूट दी जाये। मौके पर अमरनाथ सैनी, नाथीराम, रोशनलाल, किरणपाल, जीतराम, जिले सिंह, छोटेलाल, नरेश कुमार, सावन खान, रामचंद्र, सुखबीर सिंह, सोमनाथ, सूरतकांत, पृथ्वी सिंह व ज्ञानचंद आदि मौजूद थे।

**12 को करेंगे प्रदर्शन**

प्यारेलाल तंवर ने कहा कि सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांग को लगातार अनदेखा कर रही है। सरकार केवल कापरेरेट जगत की परोकार बनी हुई है। आम लोगों पर करों का बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी 12 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर जिला उपायुक्त के माध्यम से अपनी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचायेंगे। यदि सरकार ने मांगें नहीं मानी तो राज्य स्तरीय आंदोलन किया जाएगा।

# महिला ने पड़ोसी युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

छछरौली थाना क्षेत्र की महिला ने पड़ोस में रहने वाले मुशरफ पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई हुई है। पुलिस ने आरोपी युवक व उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोस में ही मुशरफ बिजली रिपेयर की दुकान करता है। जनवरी माह में आरोपी उसके घर पर आया। जहां आरोपी ने धोखे से उसे नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। इस दौरान आरोपी ने उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ कईं बार दुष्कर्म किया। एक दिन आरोपी मुशरफ के परिजन उनके घर पर आए और उस पर मुशरफ को नहर में डुबोकर मारने का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट की। मगर दो दिन बाद मुशरफ घर वापस आ गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया राजनाथ सिंह का जन्मदिन

- एक दूसरे को दी बधाई
- राजनाथ सिंह पहली बार 31 दिसंबर 2005 को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से बुधवार को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिलकर बधाई दी। भाजपा युवा नेता अमित कांबोज बुबका ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का जन्म 10 जुलाई 1951 वाराणसी उत्तर प्रदेश में हुआ था। वे 13 वर्ष की आयु से 1964 में संघ परिवार से जुड़े हुए हैं और मिर्ज़ापुर में भौतिकी व्याख्यता की नौकरी लगने के बाद भी संघ से जुड़े रहे। भारत के एक प्रमुख राजनीतिज्ञ और वर्तमान में भारत के रक्षा मंत्री हैं। वर्तमान में राजनाथ सिंह लखनऊ से सांसद हैं। वे पूर्व भारत के गृह मंत्री रह चुके हैं तथा वर्तमान सत्ता दल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष हैं। कांबोज ने कहा कि प्रारंभ में वे भौतिकी के व्याख्याता थे, पर शीघ्र जनता पार्टी से जुड़ने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपने दीर्घ संबंधों का उपयोग किया। जिसके कारण वे उत्तर प्रदेश में कई पदों पर विराजमान हुए। राजनाथ सिंह 17वीं लोकसभा में भाजपा के उपनेता हैं। वे क्षेत्र के एक साधारण कृषक परिवार में जन्मे थे और आगे चलकर उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में भौतिक शास्त्र में आचार्य की उपाधि प्राप्त की। 1974 में माथे पर एक चमकदार लाल तिलक के साथ उन्हें भारतीय जनसंघ का सचिव नियुक्त किया गया। राजनाथ सिंह पहली बार 31 दिसंबर 2005 को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। दूसरी बार जनवरी 2013 से जुलाई 2014 तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। केन्द्रीय गृहमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नवगठित सरकार में 26 मईए 2014 को राजनाथ सिंह ने भारत के केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली।

# सर्वोच्च न्यायालय में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन 29 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने दी जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एंव सीजेएम नितिन राज ने बताया कि आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चले आ रहे मामलों से संबंधित पार्टियां आपसी सहमति से उन्हें निपटाना चाहती हैं और विशेष लोक अदालत में रखना चाहती हैं तो वह स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। सीजेएम नितिन राज ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में जमीनी विवाद, मोटर व्हीकल से जुड़े मामले, घरेलू हिंसा, नौकरी से संबंधित मामले सहित कई अन्य प्रकार के मामलों में सुलह के लिए आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में आयोजित होने वाली लोक अदालत में जो व्यक्ति अपने मामलों को इस प्रक्रिया के तहत रखना चाहते हैं वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री कंसिलीएटॅरी बैठकें आयोजित की जाएंगी।

## नगर निगम आयुक्त ने अधिकारियों व एजेंसी के पदाधिकारियों की ली बैठक

# ट्विन सिटी में बेहतर की जाएगी सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त आयुष सिन्हा। *फोटो : हरिभूमि*

नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में बुधवार को डोर टू डोर कचरा उठान व निपटान को लेकर निगम संबंधित अधिकारियों व एजेंसी के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम के आयुक्त आयुष सिन्हा ने की। उन्होंने बैठक में एजेंसी के पदाधिकारियों को डोर टू डोर कचरा उठान में लगे टिप्परों, रेहड़ियों और ट्रैक्टर ट्रॉलियों की संख्या में बढ़ोतरी करने और हर कॉलोनी से नियमित कचरा उठान करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने एजेंसी के पदाधिकारी से डोर टू डोर कचरा उठान में लगे संसाधनों की जानकारी ली। जिसमें उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में डोर टू डोर कचरा उठान में 90 टिप्पर, 26 रेहड़ियां व 15 ट्रैक्टर ट्रॉलियां लगी हुई हैं। जिनकी संख्या जल्द बढ़ाई जाएगी। शहर से कचरा एकत्रित कर उन्हें कैल औरंगाबाद कचरा निस्तारण प्लांटों पर ले जाया जा रहा है। जहां कचरे से खाद तैयार की जा रही है। सभी वाहन पर चालक व हेल्पर लगे हुए हैं। प्रत्येक टिप्पर पर जीपीएस लगे हुए हैं। जिसकी मॉनिटरिंग नगर निगम द्वारा की जा रही है।

**हर वाहन में जीपीएस लगाना सुनिश्चित किया जाए**

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने उन्हें कड़े निर्देश दिए कि टेंडर की शर्तों के मुताबिक डोर टू डोर कचरा उठान में लगे टिप्परों की संख्या 117, रेहड़ियों की संख्या 72 व ट्रैक्टर ट्रॉलियों की संख्या 20 की जाए। चार दिन के भीतर वाहनों की संख्या पूरी की जाए। हर वाहन में जीपीएस लगाना सुनिश्चित किया जाए। नगर निगम के हर वार्ड की हर गली कर डोर डोर नियमित रूप से कचरा एकत्रित व उठाया जाए। सूखा व गीला कचरा अलग अलग लिया जाए। इसके अलावा कचरा प्लांट में डाले जा रहे कचरे का नियमित रूप से निपटान किया जाए। वहां लगे ट्रॉमल को सुचारू रूप से चलाया जाए।

# संगठनात्मक अनुभव से भाजपा जमीनी स्तर पर होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



- कंवरपाल ने मोहन लाल बडौली को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर दी बधाई

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश को उन्नति के मार्ग पर और अधिक आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा की बागडोर हमेशा मजबूत हाथों में सौंपी है। उन्होंने राई के विधायक मोहन लाल बडौली को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि राई के विधायक मोहन लाल बड़ौली के संगठनात्म अनुभव से भाजपा जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। क्योंकि मोहन लाल बड़ौली अनुभवी एवं ईमानदारी छवि व महान व्यक्तित्व के धनी हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ौली को प्रदेश की बागडोर सौंपकर सराहनीय निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि बड़ौली के प्रदेशाध्यक्ष बनने से प्रदेश में निश्चित रुप से भाजपा को अवश्य बहुत फायदा होगा। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मोहन लाल बडौली बहुत ही निष्ठावान व्यक्तित्व के धनी हैं और उन्हें जिस भी कार्य की जिम्मेवारी सौंपी जाती है वे उस कार्य को पूरी लग्न व ईमानदारी से करने में विश्वास रखते हैं। इनके ऊर्जावान नेतृत्व और संगठनात्मक अनुभव से भाजपा जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूरी निष्ठा और मेहनत से सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी व संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे और उनके नेतृत्व में तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

## खबर संक्षेप

### एसएमसी प्रतिनिधियों से रूबरू होंगी शिक्षा मंत्री



कुरुक्षेत्र। हरियाणा प्रदेश की शिक्षा राज्य मंत्री सीमा त्रिखा 11 जुलाई को जिला के विद्यालयों की प्रबंधन समितियों के प्रतिनिधियों से रूबरू होंगी। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के केशव सभागार में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम व सम्मेलन में शिक्षा मंत्री के साथ विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, निदेशक व अन्य सभी आला अधिकारी भाग लेंगे।

### एडमिशन हेल्प डेस्क किया स्थापित

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज में स्नातक कक्षाओं में दाखिले 1 जुलाई से शुरू हो चुके हैं। विभिन्न कक्षाओं में दाखिले के दिए छात्र और छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ पहुंच रहे हैं। इनकी सहायता हेतू एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज में एडमिशन- हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इसके लिए स्वयंसेवक अलग-अलग समूह बनाकर 2 जुलाई से 20 जुलाई तक हेल्प- डेस्क के माध्यम से अपनी सेवाएं देंगे।

### स्वीटी रंगा को नेशनल आब्जर्वर किया नियुक्त



कुरुक्षेत्र। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने स्वीटी रंगा नलवी को नेशनल आब्जर्वर नियुक्त किया है। एआईसीसी मुख्यालय दिल्ली में अलका लांबा ने स्वीटी रंगा नलवी को इस बारे पत्र दिया। स्वीटी रंगा ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा का धन्यवाद किया।

### प्रो. राजेश बने लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार लोक प्रशासन विभाग के प्रोफेसर राजेश कुमार को 19 जुलाई से आगामी तीन वर्षो के लिए लोक प्रशासन विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि प्रो. राजेश कुमार एकेडमिक काउंसिल व फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस के सदस्य होंगे तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरपर्सन भी होंगे।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज

कुरुक्षेत्र। उप वन संरक्षक ने कहा कि वन विभाग हरियाणा द्वारा जुलाई माह में 75वें वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वन महोत्सव के उपलक्ष्य में 11 जुलाई को एक पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का 3 ग्रुपों में किया जाएगा, जिसमें 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।
यह प्रतियोगिताएं सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### हरियाणा के खिलाडियों ने लहराया परचम

लाडवा। एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा के खिलाडियों ने रशिया में परचम लहराया। एसोसिएशन के महासचिव व कोच सतविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 जून से 8 जुलाई तक रशिया में 8 वें चिल्ड्रन ऑफ एशिया गेम्स आयोजित किए गए ओमरमुख्तार तम्बोली के नेतृत्व में भारत की ओर से खेल रहे 6 खिलाडियों में से हरियाणा के 5 खिलाडियों युगम, तेजस, कृष, युवराज व अर्शित ने मास रेसलिंग व बेल्ट रेसलिंग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जितकर हरियाणा का नाम रोशन किया।

## घरों में लार्वा का पता लगाने के लिए 125 टीमें की तैनात

# बारिश के बीच डेंगू की दस्तक दो मिले पॉजिटिव, रहें सतर्क

### डेंगू से निपटने के लिए सीएचसी और पीएचसी स्तर पर डेंगू वार्ड स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

बारिश के बीच डेंगू ने दस्तक दे दी है। जिले में डेंगू के दो मरीज मिल चुके हैं, जिनका उपचार चंडीगढ़ और अंबाला में उपचार चल रहा है। इस माह के अंत तक डेंगू फैलाने वाला मच्छर पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग लोगों को अलर्ट रहने की सलाह दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से निपटने के लिए एलएनजेपी समेत सीएचसी और पीएचसी स्तर पर डेंगू वार्ड स्थापित कर दिए हैं। वहीं रुक-रुक हो रही बारिश ने विभाग की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि बारिश से खाली जगह, प्लॉट और गड्ढों में पानी जमा हो चुका है। इसमें मच्छरों की तादाद बढ़ने लगी है। विभाग ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों, बुखार के मामलों की जांच और घरों में लार्वा का पता लगाने के लिए 125 टीमें तैनात की हैं। इसके अलावा 20 ब्रीडिंग चेकर भी फील्ड में हैं। स्थिति से निपटने के लिए ब्रीडिंग चेकर टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। ब्रीडिंग चेकर टीम इन जगहों पर एंटी लारवा गतिविधियां चला रही है। वहीं दूसरी टीम डेंगू के लारवा की जांच के लिए घर, टंकी, कूलर, टैंक, गमले, टूटे बर्तन और बेकार पड़े टायरों की जांच कर रही है। जांच के साथ टीम लारवा मिलने पर घरों को नोटिस भी दे रही है। इन घरों की दोबारा जांच होगी। यदि फिर से लारवा मिला तो चालान किया जाएगा। कुछ दिनों से जिले में रूक-रूक कर बारिश हो रही है। बारिश का पानी खाली प्लॉटों व बर्तनों में जमा हो जाता है। इस पानी में डेंगू मच्छर अंडे देता है। इस लारवा से मच्छर बनने में करीब एक सप्ताह का समय लगता है। करीब एक सप्ताह के बाद यही मच्छर लोगों को काटने योग्य हो जाता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इस माह के अंत तक डेंगू के केस मिलने शुरू हो जाएंगे। जिला मलेरिया विभाग की तरफ से स्कूलों में प्रतियोगिताएं करवा कर बच्चों का जागरूक किया जा रहा है ताकि वह अपने परिजनों व पड़ोसियों को इससे बचाव की बातें बता सकें। बतां दे कि जिला में वर्ष 2023 में डेंगू के 263 मामले, 2019 में पांच मामले सामने आए थे और 2020 में 18 मामले सामने आए थे।





कुरुक्षेत्र। एक गली में खड़ा बरसात का पानी व उस पर पनपते मच्छर व एलएनजेपी अस्पताल में पंजीकरण लाइन में लगे मरीज। फोटो : हरिभूमि

### विभाग सतर्क : डॉ. सभ्रवाल

जिला मलेरिया अधिकारी एवं उप-सिविल सर्जन डॉ. रमेश सभ्रवाल ने बताया कि डेंगू से निपटने के लिए विभाग पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। जिले में एलएनजेपी अस्पताल समेत सीएचसी और पीएचसी स्तर पर डेंगू वार्ड बनाकर 58 बेड स्थापित किए गए हैं। जिले में मिले दोनों पॉजिटिव मामले की सूचना चंडीगढ़ और अंबाला से प्राप्त हुई थी। जिले के इस्माईलाबाद और रावा गांव के मरीज पहले से ही दूसरे जिलों में उपचाराधीन हैं।

### पानी जमा नहीं होने देना चाहिए

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश सभरवाल ने बताया कि पिछले साल बाढ़ और बीच-बीच में हुई बेमौसम बारिश के कारण खाली प्लॉटों में पानी जमा हो गया था, जिससे डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी हुई थी। मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बीमारी को फैलने से रोकने के लिए सामुदायिक भागीदारी जरूरी है। लोगों को अपने आसपास पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। उन्हें छतों, कूलरों, पानी की टंकियों और खाली बर्तनों पर नजर रखने के लिए शिक्षित किया जा रहा है। उन्हें जमा पानी पर इस्तेमाल किया हुआ तेल डालने के लिए कहा जा रहा है। उन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निरीक्षण के दौरान अपने घरों की जांच करने की अनुमति भी देनी चाहिए, क्योंकि कई बार लोग टीमों को अपने घरों की जांच करने की अनुमति नहीं देते हैं।

## हरियाणा में तीसरी बार भी खिलेगा कमल : डीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बीजेपी पूर्व प्रत्याशी जय भगवान शर्मा डीडी को सम्मानित करते सरस्वती कॉलोनी के लोग।

भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने बीजेपी महामंत्री मोहन लाल बडौली को पार्टी प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कार्यकर्ताओं को बधाइयां दी। डीडी ने दावा किया कि मोहन लाल बडौली और सीएम नायब सैनी की जोड़ी हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाएगी। जय भगवान शर्मा डीडी ने खेड़ी मारकंडा के अंतर्गत आने वाली सरस्वती कॉलोनी में एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे जनता जनार्दन के आशीर्वाद और खुद की मेहनत पर भरोसा है । उन्होंने कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता विकास और बदलाव के लिए मुझे समर्थन और आशीर्वाद दे मैं क्षेत्र के कई पिछड़े और अनदेखी के शिकार क्षेत्रों का क्लेश काट दूंगा। इस दौरान खेड़ी मार्कण्डा सरस्वती कॉलोनी के लोगों ने डीडी शर्मा के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, लोगों ने आरोप लगाया कि बीते दस सालों में उनकी गलियां नालियां नहीं बनी, हर बार बरसात के दिनों में उन्हे सरस्वती नदी और जलभराव का प्रकोप झेलना पड़ता है। इस दौरान डीडी शर्मा ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के उन एरिया को प्राथमिकता देंगे जहां विकास के नाम पर खानापूर्ति हुई है। इस अवसर पर रिंकू सिंह, सुनील गुर्जर, साधु राम, फूल सिंह, कंवर सिंह, रमेश, सुखदेव, मोहन सिंह, धर्म सिंह, ओमपाल सहित आदि मौजूद रहे।

### हर हाल मे पकड़े जाएंगे आरोपी : राजीव जैन



कुरुक्षेत्र। व्यापारी अंकुश से बातचीत करते राजीव जैन।

कुरुक्षेत्र। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने लाडवा के व्यापारी अंकुश गोयल के घर पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग और कुरुक्षेत्र के वकील अश्वनी गुप्ता के घर हुई फायरिंग की घटनाओं की जानकारी लेने के बाद आश्वस्त किया कि दोषी हर हाल में जल्द ही पकडे जाएंगे। बुधवार को राजीव जैन कुरुक्षेत्र के पदाधिकारियों मित्रसेन गुप्ता, सुशील कंसल, तरसेम मित्तल, राजीव गर्ग, श्याम गर्ग, लाडवा के प्रधान दुर्गेश गोयल के साथ वारदात सथल पर पंहुचे और पीड़ितों से बातचीत की। उन्होंने पुलिस विभाग के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल से बातचीत कर सख्ती से कार्यवाही करने का आग्रह किया। पीड़ित अंकुश गोयल और अश्वनी गुप्ता ने बताया कि हमारी कोई जाति दुश्मनी भी नहीं है, इस तरह की घटनाएं व्यापारियों में दहशत फैलाकर फिरौती वसूलने के उद्देश्य से की जा रही है।

## सीनियर सिटीजन वेलफेयर संगठन ने किया पौधरोपण

- सामाजिक संस्थाओं ने पौधरोपण कर नगर को हरा भरा रखने के लिए किए प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद



शाहबाद। पौधरोपण करते समाजसेवी। फोटो : हरिभूमि

नगर में वृक्षारोपण पखवाड़े के तहत नगर की सभी धार्मिक, सामाजिक संस्थाएं पौधारोपण करके नगर को हरा भरा रखने के लिए प्रयासरत हैं। जहां पिछले दिनों भीषण गर्मी के चलते रिकॉर्ड तोड़ तापमान होने से हर व्यक्ति और जीव जंतु भीषण गर्मी से त्रस्त रहे चारों ओर लोगों का भीषण गर्मी के कारण घरों से निकलना भी दुश्वार हो गया था नगर की सामाजिक कार्यों में अग्रणीय संस्था सीनियर सिटीजन वेलफेयर संगठन द्वारा पौधारोपण का प्रयास नगर के बैकुंठपुर हनुमान मंदिर के संस्था के सहयोग से मंदिर परिसर में किया गया। इस मौके पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर संगठन के सदस्य सुभाष चंद्र ढींगरा, डॉ रविंदर क्वात्रा, प्रवीण ठुकराल, सुधीर सूद, सुनील गुप्ता, एसएस खुराना, अशोक कंसल, डॉक्टर परमजीत पाहवा, अमरनाथ शर्मा और बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर के पूर्व प्रधान अशोक शेट्टी, बॉबी बत्रा, संजीव शर्मा और मंदिर सभा के प्रधान इंद्र बत्रा मौजूद रहे।

### पुलिस आयुक्त ने डॉ. अशोक को किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा ड्यूटी के अंतर्गत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए 'हीरो ऑफ द वीक' से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें पुलिस आयुक्त फरीदाबाद द्वारा उनके कार्यालय में प्रदान किया गया। विशेष चाय पर चर्चा करते हुए उनके कार्यों के अनुभवों के बारे में जाना गया और पुलिस कार्यप्रणाली को बेहतर करने के लिए उनसे सुझाव लिए गए। उन्हें बतौर हीरो सम्मानित करते हुए पुलिस आयुक्त प्रशंसा पत्र व रूपए 2000 राशि सहित हीरो ऑफ द वीक से सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने डॉ अशोक के कार्यों की सराहना की। बता दें कि डॉ अशोक कुमार वर्मा हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में वर्ष 2020 से नियुक्त हैं। नशे के विरुद्ध वे हरियाणा के विभिन्न जिलों में 2000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कर चुके है।

## प्रतिदिन फिरौती मांगने की घटनाएं आ रही हैं सामने : अनुराग ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा। फोटो : हरिभूमि

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने हरियाणा में प्रतिदिन हो रही गोलीबारी की घटनाओं को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। इस दौरान उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी व जिलाध्यक्ष विशाल खुब्बड मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनुराग ढांडा ने कहा कि सरकार ने जो असंवैधानिक रुप से शंभू बॉर्डर को बंद करके रखा हुआ था। इससे बीजेपी सरकार ने किसानों पर तो अत्याचार किया ही, साथ ही अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुचाया। इसलिए बॉर्डर को खोला जाए। हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया कि सरकार एक सप्ताह के अंदर शंभू बॉर्डर को खोले। आज ये बात हाईकोर्ट के आदेश के बाद ही स्थापित हो गई कि ये सड़क किसानों की वजह से बंद नहीं थी, बल्कि पुलिस ने सीमेंटेड बेरिकड्स लगाकर उस रोड को जाम किया हुआ था। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रतिदिन व्यापारियों से फिरौती मांगने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए दूसरी मेरिट सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा एमएससी बायोटेक, एमएससी इकोनोमिक्स, बीएससी होम साइंस व बीटीटीएम में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की दूसरी मेरिट सूची जारी की गई। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध एमएससी बायोटेक, एमएससी इकोनोमिक्स, बीएससी होम साइंस व बीटीटीएम की दूसरी मेरिट सूची के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को 12 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग हेतु आईआईएचएस में 8 बजकर 30 मिनट पर अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ एमएससी बायोटेक के लिए कमरा संख्या 26ए, एमएससी इकोनोमिक्स हेतु न्यू बिल्डिंग इकोनॉमिक्स विभाग, होम साइंस के लिए होम साइंस लैब तथा बीटीटीएम के लिए कमरा संख्या 123 में उपस्थित होना होगा। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीटीटीएम में ऑल इंडिया जनरल की दूसरी मेरिट सूची 92.2 से 90.4, हरियाणा जनरल 90.4 से 85, हरियाणा ईडब्ल्यूएस की 82.6, हरियाणा एससी 83.2 से 80.2, हरियाणा डीएससी 67 से 60.4, हरियाणा बीसीए 84.4 से 79, हरियाणा बीसीबी 83 से 81 तथा ईएसएम/डीए वर्ग की मेरिट 69.4 पर समाप्त हुई।

## राजनीति में आने का मकसद केवल जनसेवा करना: संदीप

- नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर की लोगों की जांच
- मोतियाबिंद के रोगियों की आंखों के ऑपरेशन मुफ्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा



पिहोवा। शिविर में मरीजों को निशुल्क चश्में वितरित करते स्वामी संदीप ओंकार।

राजनीति जनसेवा का माध्यम भी हो सकती है इस बात को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वामी संदीप ओंकार ने चरितार्थ करके दिखाया है। स्वामी संदीप ओंकार द्वारा गांव कराह साहिब में इस्हाक, मोहनपुर, दीवाना, गड़ी लांगरी, अधोया व बाखली के लोगों की आंखों की जांच के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर न केवल मरीजों का दुख दर्द सांझा किया बल्कि उन्हें निशुल्क दवाईयां व चश्में भी वितरित किए। इन शिविरों में मोतियाबिंद के रोगियों की आंखों के ऑपरेशन भी निशुल्क किए गए। आंखों की जांच करवाने आई महिला रोशनी देवी ने कहा कि वह आंख में मोतियाबिंद के कारण परेशान थी संदीप ओंकार की मदद से उनकी यह समस्या चुटकियों में हल हो गई। स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि उनका राजनीति में आने का मकसद केवल जनसेवा करना है।

## चेस कम्पटीशन में पार्थ व अंजनी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा




लाडवा। चेस कंपटीशन में भाग लेते स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ,धनोरा-लाडवा में कक्षा छठी से आठवीं तथा नौवीं से बारहवीं के लिए इंटर हाउस चेस कम्पटीशन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र खेड़ा ने खेल की शुरूआत में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा—'शह और मात का खेल - शतरंज, विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास का अच्छा माध्यम है। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा छठी से आठवीं के लड़कियों के वर्ग में टैगोर हाउस की कनक ने प्रथम स्थान, इंदिरा हाउस की रावी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। लड़कों के वर्ग में नेहरू हाउस के जितेन ने प्रथम और टैगोर हाउस के मानिक ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। नौवीं से बारहवीं की छात्राओं में टैगोर सदन की अंजनी ने प्रथम और नेहरू सदन की माधवी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। लड़कों के वर्ग में नेहरू हाउस के पार्थ ने प्रथम और जशनप्रीत ने द्वितीय स्थान अर्जित किया।



कुरुक्षेत्र। पौधरोपण करते भाविप पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया भाविप का स्थापना दिवस : पवन गुप्ता

कुरुक्षेत्र। भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय रतगल व राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेक्टर-8 में विद्यार्थियों के बैठने के लिए टाट व दरियां वितरित की गई। परिषद अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि शाखा कुरुक्षेत्र ने पर्यावरण संरक्षण के तहत दुःखभंजन मंदिर में तुलसी के 200 पौधे फ्री लोगों को अपने घरों में लगाने के लिए दिए। पवन गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद की स्थापना 10 जुलाई 1963 को हुई थी। भारत में सभी शाखाएं 26 जून से 10 जुलाई के मध्य सेवा पखवाड़ा पर सेवा कार्यक्रम कर रही है। सुशील सूद ने भी संस्था के बारे में विस्तार से बताया। सेवा प्रकल्प कार्यक्रम में संयोजक सुभाष बंसल, जय प्रकाश पंवार कोषाध्यक्ष, रमेश गुलाटी, डॉ संजय शर्मा मीडिया सचिव, पूर्व अध्यक्ष हरविंदर बंसल, दिनेश बंसल, डॉ एस.एम.गुप्ता डीन नीट फैकल्टी इत्यादि मौजूद रहे।

### कुटिया कार्यालय में हुई ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी इम्पलाइज फेडरेशन की बैठक

## कर्मचारियों की मांगों के बारे किया विचार विमर्श

- बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन राजकुमार शर्मा ने की
- कुंटिया प्रधान रजवंत कौर व अन्य ने बुके देकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। राजकुमार शर्मा का स्वागत करती कुंटिया प्रधान रजवंत कौर।

ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटज फेडरेशन की बैठक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन राजकुमार शर्मा ने की। बैठक में अन्य यूनिवर्सिटीस से गैर शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। चेयरमैन राजकुमार शर्मा का बैठक में पहुंचने पर कुंटिया प्रधान रजवंत कौर व अन्य ने बुके देकर स्वागत किया। बैठक में कर्मचारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा, ओल्ड स्टॉफ रेशो, विश्वविद्यालयों में सरकार द्वारा जारी ग्रांट की कमी को पूरा किया जाए व समय पर ग्रांट जारी की जाए, नॉन टीचिंग स्टॉफ की रेगुलर भर्ती करना, क्लर्क, स्टेनो, टाइपिस्ट का गेड पे 35400 करना, ओपीएस लागू करना सहित कई मांगों पर विचार विमर्श किया गया। राजकुमार शर्मा ने कहा कि समय रहते कर्मचारियों की मांगों को बातचीत के माध्यम से समाधान किया जाए। उन्होंने चेताया कि यदि 15 दिनों के अंदर उनकी मांगों का समाधान नही किया गया तो सभी यूनिवर्सिटीस के कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन का बिगुल बजाएंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर, प्रेस सचिव अमित भुक्कल, रामकीर्तन यादव, अजमेर सिंह, कालू राम, कुंटिया उप-प्रधान नरेश कुमार, सह-सचिव मनीष बाल्दा, पूर्व प्रधान नीलकंठ शर्मा, राम कुमार गुज्जर, पूर्व महासचिव अनिल लोहट, भारत भूषण व यशपाल सैनी, संत कुमार, रूपेश खन्ना, तेजा सिंह, रामकुमार बोहट, डा. भरत राय, जयपाल सैनी, जगदीश प्रसाद, चन्द्रपाल, राजरानी, अरविन्द, सतीश राणा, सोमनाथ, नरेश मग्गू, कार्यकारिणी सदस्यों में रमेश बाल्यान, अजय शर्मा, विजय सिंह, कर्मजीत सिंह, यशवीर सिंह, विजय शर्मा, संजय यादव, सूरजभान, नरेश कुमार, कुलदीप, विकास, प्रमोद, नफे सिंह आदि उपस्थित रहें।

